Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2570006
Web: www.kanpuruniversity.org

OFF.
V.C.: 2581280
REGI.: 2580044

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

KALYANPUR, KANPUR-208024
कल्याणपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सा.प्रशा. /5326/ 2021

दिनांक : 18/ 10/ 2021

सेवा में,

1. समस्त डीन / निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्रभारी, परिसर, सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

**विषय :– महर्षि वाल्मीकि जंयती समारोह के अवसर पर आयोजित छात्र प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु निर्देश दिये जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–2454 / सत्तर–3–2021 दिनांक 13 अक्टूबर, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो महर्षि वाल्मीकि जंयती समारोह के अवसर पर आयोजित छात्र प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु निर्देश दिये जाने के संबंध में है।

उक्त पत्र द्वारा उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 13 संस्कृत छात्र प्रतियोगिताओं का आयोजन आनलाईन / आफलाइन के माध्यम से किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में प्री–प्राइमरी से लेकर स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र / छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। सर्वप्रथम यह प्रतियोगिता प्रदेश के समस्त मण्डलों में दिनांक 20 एवं 21 अक्टूबर, 2021 को आयोजित की जाएगी। मण्डल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 25 एवं 26 अक्टूबर, 2021 को लखनऊ में आयोजित की जायेगी।

उक्तानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि शासन के संलग्न पत्र के निर्देशानुसार महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित संस्कृत छात्र प्रतियोगिताओं के आयोजन में प्रतिभाग करने / कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

डॉ० (अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

*प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–*

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. समस्त डीन, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
3. कुलानुशासक, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
5. सिस्टम मैनेजर, संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के होम पेज पर एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के कालेज लागिंन पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
7. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव जी।
8. सम्बन्धित पत्रावली।

Mr shashi

कुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या-2454/सत्तर-3-2021

A O (Admin)
13.10.2021

प्रेषक,

अब्दुल समद,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3

लखनऊः दिनॉक 13 अक्टूबर 2021

**विषयः-महर्षि वाल्मीकि जंयती समारोह के अवसर पर आयोजित छात्र प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष, उ0प्र0 संस्कृत संस्थान, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या-400/सं0सं0/2021, दिनांक 04.10.2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- अवगत कराना है कि उ0प्र0 संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा महर्षि वाल्मीकि जंयती के अवसर पर 13 संस्कृत छात्र प्रतियोगिताओं का आयोजन आनलाईन/आफलाइन के माध्यम से किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में प्री-प्राइमरी से लेकर स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र/छात्राएं प्रतिभाग कर सकेगे। सर्वप्रथम यह प्रतियोगिता प्रदेश के समस्त मण्डलों में दिनांक 20 एवं 21 अक्टूबर, 2021 को आयोजित की जायेगी। मण्डल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 25 एवं 26 अक्टूबर, 2021 को लखनऊ में आयोजित की जायेगी।

3- उक्त प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित नियम/निर्देशिका संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि महर्षि वाल्मीकि जंयती के अवसर पर उपरोक्तानुसार आयोजित संस्कृत छात्र प्रतियोगिताओं का प्रभावी ढंग से आयोजन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीय,

(अब्दुल समद)
विशेष सचिव।

**संख्या-2454 (1)/सत्तर-3-2021, तद्दिनांकः**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2- कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से

**(हरेन्द्र कुमार सिंह)**
उप सचिव।

G.O.HES

संख्या - 2707 / ...

फोन: फैक्स: (0522) 4315157, 4024591
ई-मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

# उत्तर-प्रदेश-संस्कृत-संस्थानम्

(भाषा विभाग उ0प्र0 शासन के नियंत्रणाधीन)
इन्दिरा भवन, पंचम तल, कक्ष सं0: 520, लखनऊ - 226001
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.org

पत्रांक 400/सं0सं0/2021
दिनांक 4-10-2021

कार्यालय
उप मुख्यमंत्री (एस), उ0प्र0
पत्र सं0– 2218 / सामा0 / विभा0 / 2021
दिनांक 07-10-21

प्रेषक,

अध्यक्ष,
उ0प्र0 संस्कृत संस्थान,
लखनऊ।

पं0 स0 2407 / एस0एच0ई0 / 2021
दिनांक 11/10/2021

सेवा में,

डॉ. दिनेश शर्मा
माननीय उप मुख्यमन्त्री
मा0 मन्त्री, माध्यमिक शिक्षा ~~परिषद~~
उ0 प्र0 सरकार।

अ. मु. स. उ. शि.
तत्काल शिक्षा निदेशक
नियमानुसार कार्यवाही
7.10.2021
(डॉ0 दिनेश शर्मा)
उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

विषय : महर्षि वाल्मीकि जयन्ती समारोह के अवसर पर आयोजित छात्र प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उ0प्र0 संस्कृत संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयन्ती समारोह के अवसर पर 13 संस्कृत छात्र प्रतियोगिताओं का आयोजन ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में प्री–प्राइमरी से लेकर स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र/छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। सर्व प्रथम यह प्रतियोगिता प्रदेश के समस्त मण्डलों में दिनांक 20 व 21 अक्टूबर 2021 को आयोजित की जायेगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रु0 3,000, द्वितीय पुरस्कार रु0 2,000 तथा तृतीय पुरस्कार रु0 1,000 प्रदान किया जायेगा। मण्डल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 25 व 26 अक्टूबर 2021 को लखनऊ में आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रु0 11,000, द्वितीय पुरस्कार रु0 7,000, तृतीय पुरस्कार रु0 5,000 तथा सांत्वना पुरस्कार रु0 1,000 प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित नियम/निर्देशिका पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि उक्त प्रतियोगिताओं में विद्यालयों का अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व हो सके, इसके लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

अपर मुख्य सचिव कार्यालय
में प्राप्त दिनांक 07/10/21
संख्या: 7608 / VIP-PSHED / 2020

प्रमुख सचिव सादर

भवदीय
(डॉ. वाचस्पति मिश्र)
अध्यक्ष

संलग्नकः– यथोक्त।

2068/PSHE/21
सचिव

V.S. (AS)

07/10/21
( मोनिका एस0 गर्ग )
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

2384/VSHE/AS/21
DS(H) SO-3

( ... )

11-X-21
( अब्दुल समद )
... सचिव
... शिक्षा विभाग

# उत्तरप्रदेश संस्कृत छात्र प्रतियोगिता

## निर्देशिका–नियमावली

# महर्षि वाल्मीकि जयन्ती

## (वार्षिक) समारोह–2021


डॉ. वाचस्पति मिश्र
अध्यक्ष

पवन कुमार (IAS)
निदेशक

उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ
(भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियन्त्रणाधीन)
कक्ष सं0: 811, आठवाँ तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ–226 001
दूरभाष : (0522) 4007012,4330139
वेवसाइट: www.upsanskritsansthanam.in
ई–मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

ावा में,

समस्त संस्थाप्रमुख / प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य / प्राचार्य / कुलसचिव / विद्यालय / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश।

विषय–: **वर्ष 2021 में संस्कृत प्रतियोगिताओं के आयोजनार्थ निर्देशिका (नियमावली) प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान भाषा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में संस्कृत के प्रचार–प्रसार, संवर्द्धन एवं संरक्षण के लिए तथा छात्रों की अन्तर्निहित शक्तियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एवं अनेकविध ज्ञानविज्ञान से ओतप्रोत संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न करने के उद्देश्य से **'संस्कृत प्रतियोगिताओं'** का आयोजन ई / वर्चुअल तथा ऑफलाइन माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित कुल 13 संस्कृत प्रतियोगिताएं सम्मिलित हैं –

1. अंगस्पर्शपूर्वक संस्कृत नामोच्चारण एवं संस्कृत संख्याज्ञान प्रतियोगिता।
2. संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता।
3. संस्कृत स्तोत्रगान प्रतियोगिता।
4. संस्कृत गीत प्रतियोगिता।
5. वाल्मीकि रामायणाधारित संस्कृत कथाकथन प्रतियोगिता। (अभिनय के साथ)
6. संस्कृत श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता
7. आशु भाषण संस्कृत प्रतियोगिता
8. अष्टाध्यायी कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता
9. तर्कसंग्रह सपदकृत कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता
10. लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता
11. अमरकोष कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता
12. श्लोक समस्यापूर्ति प्रतियोगिता
13. शास्त्रार्थ प्रतियोगिता (व्याकरण)

**समस्त प्रतियोगिताओं हेतु सामान्य नियम निम्नवत् होंगे, इनका पालन सभी के लिए अनिवार्य है :–**

1. उपर्युक्त तेरह प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेंगी। इन प्रतियोगिताओं में प्री–प्राइमरी से लेकर स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र / छात्राएँ प्रतिभाग कर सकेंगे।
2. किसी भी कक्षा के छात्र अपनी कक्षा से उच्च कक्षाओं की प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग कर सकते हैं।
3. इन प्रतियोगिताओं में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के छात्र / छात्राएँ प्रतिभाग करेंगे।
4. सभी प्रतियोगिताएँ पूर्णरूप से संस्कृत भाषा में ही होंगी। प्रतियोगिता के विषय भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करने वाले होने चाहिए।

5. क्रमांक 1 से 4 तक की प्रतियोगिताएँ वर्चुअल मंच जूम पर होंगी।
6. क्रमांक 5 से 7 तक की प्रतियोगिताएँ ऑफ़लाइन दो चरणों में होंगी – (1.मण्डल, 2.राज्य)
   - प्रथम चरण 20–21 अक्टूबर 2021 को प्रदेश के सभी मण्डलों में एक साथ होंगी। इसमें प्रति प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान हेतु छात्रों का चयन निर्णायकों द्वारा किया जायेगा। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता राज्यस्तरीय पुरस्कार हेतु प्रतिभाग करेंगे।
   - द्वितीय चरण (क्रमांक 8 से 13) 25 –26 अक्टूबर 2021 को राज्यस्तर पर लखनऊ उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थानम् में उपस्थित हो प्रतिभाग करेंगे यहाँ निर्णायकों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय के साथ 4 सान्त्वना पुरस्कार हेतु प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा।
7. प्रत्येक प्रतियोगिता का अवलोकन कर निर्णायक मण्डल के अनुसार निर्णय दिया जायेगा। निर्णायकों का निर्णय ही सर्वमान्य होगा।
8. किसी प्रतियोगिता में समान अंक पाने वालों की पुनः निर्णायक मण्डल द्वारा निर्णयानुसार तद्विषयगत परीक्षा भी हो सकती है।
9. पुरस्कार मण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र एवं नगद पुरस्कार राशि (पृ0 सं0 6 पर देखें के अनुसार ) दी जायेगी।
10. सभी प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन में निर्धारित समय सीमा अथवा अन्य नियमों का अतिक्रमण करने पर निर्णायकों द्वारा अंक कम किये जा सकते हैं।
11. किसी प्रतियोगिता में न्यूनतम 5 प्रतिभागी होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में वह प्रयोगिता निरस्त भी की जा सकती है।
12. विशेष परिस्थितियों में नियम परिर्वतन का अधिकार अध्यक्ष/निदेशक उ0 प्र0 संस्कृत संस्थान लखनऊ के पास सुरक्षित होगा।
13. प्रत्येक प्रतिभागी को आयु प्रमाणित कराने के लिए अपने विद्यालय का परिचय पत्र अथवा अंक पत्र प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करना होगा।
14. ऑनलाइन राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु 18 अक्टूबर 2021 को रात्रि 12 बजे तक गूगल लिंक द्वारा आवेदन प्रपत्र को भरने की अन्तिम तिथि है। अन्तिम तिथि के पश्चात् कोई प्रविष्टि स्वीकार्य नहीं होगी।
15. प्रतिभागियों को पंजीकरण करने के उपरान्त प्रदर्शित व्हाट्सएप ग्रुप लिंक पर स्पर्श कर समूह से जुड़ना अनिवार्य है। इस समूह के माध्यम से ही सभी अग्रिम सूचनायें प्रदान की जायेंगी।
16. **ऑनलाइन प्रतिभागिता हेतु ध्यातव्य बिन्दु**– 1. मोबाइल या लैपटाप से जुडने के लिये जूम एप डाउनलोड हो। 2. नेटवर्क, डाटा, प्रकाश युक्त शान्त वातावरण वाले स्थान का चयन कर लें। 3. सुविधा के लिये पंजीकरण के बाद प्रदर्शित हवाट्स एप समूह लिंक को स्पर्श कर जुडें। 4. प्रतियोगिता में पारदर्शिता हेतु एक दिन पूर्व एक कमांक दिया जायेगा जूम पर नाम के स्थान पर उसे ही लिखना होगा, अपना नाम आदि अन्य परिचय नहीं देना है। 5. प्रस्तुति के समय प्रतिभागी कैमरे पर देखेंगे इस समय उनके साथ कोई अभिभावक नहीं बैठेंगे।

# उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ

## (भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन)

## संस्कृत छात्र प्रतियोगिता

[illegible]

| क्र0 | प्रतियोगिता का नाम | कक्षा | प्रस्तुति |
|---|---|---|---|
| 1 | अंगस्पर्शपूर्वक संस्कृत नामोच्चारण एवं संस्कृत संख्याज्ञान प्रतियोगिता। | 03 से 05 वर्ष | इसमें पहले अपने शरीर के अंगों को स्पर्श करते हुए संस्कृत में उसका नाम बताना है उसके बाद संस्कृत संख्या पाठ करना है। (संख्या 1 – 100, न्यूनतम 50 पर्यन्त ) |
| 2 | संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता। | कक्षा–1 से 2 | – श्लोक पाठ एवं स्तोत्रगान सस्वर लौकिक छन्दों में होंगे। वैदिक मन्त्र स्वीकार्य नहीं होगें। |
| 3 | संस्कृत स्तोत्रगान प्रतियोगिता। | कक्षा– 3, 4 व 5 | – विभिन्न छन्दों में न्यूनतम 5 श्लोक, समय अधिकतम 3–4 मिनट। |
| 4 | संस्कृत गीत प्रतियोगिता। | प्रथम वर्ग – कक्षा– 6– 8<br>द्वितीय वर्ग – कक्षा– 9–12 | –स्तोत्रपाठ हेतु समय 3–5 मिनट।<br>– वाद्ययन्त्रों का प्रयोग नहीं होगा। देशभक्ति, राष्ट्रिय एकता, देवस्तुति सम्बन्धी गीत मान्य होंगे।<br>– श्लोकों, स्तोत्रों एवं गीतों का चयन प्रतिभागी स्वयं करेंगे। – निर्णय– स्वर, शुद्धता, प्रस्तुतीकरण 10–10 अंक, कुल 30 अंक होंगे। |
| 5 | वा0 रामायण आधारित संस्कृत कथा कथन प्रतियोगिता। (अभिनय के साथ) | कक्षा–9 –12 एवं स्नातक | उच्चारण, शुद्धता, अभिनय, परिधान 10–10 अंक, कुल 40 अंक होंगे। |
| 6 | श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता | कक्षा– 9 12 | – चक्राकार, श्लोकान्त वर्णों पर अग्रिम श्लोक बोलना है।<br>– राज्य स्तर पर अनुष्टुप् छन्द वर्जित रहेगा। |
| 7 | आशुभाषण प्रतियोगिता | स्नातक / स्नातकोत्तर, शोधार्थी | – स्वातन्त्र्यगाथा, उत्तरप्रदेशे संस्कृत संस्थानां भूमिका, पत्रपत्रिकाः, अन्य संस्कृत साहित्य प्रबोधक तथा समसामयिक विषय होंगे।<br>– उक्त विषयों से शीर्षक चिटिकाओं के द्वारा उसी दिन दिये जायेंगे। – निर्णायकों के सम्मुख रखी चिटिकाओं में से प्रतिभागी को स्वयं कोई एक चिटिका निकालनी होगी, उसमें जो शीर्षक होगा उसी पर भाषण देंगे। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | – भाषण हेतु न्यूनतम 3 अधिकतम 5 मिनट दिया जायेगा।<br>– भाषा, शैली एवं तथ्य 10–10 अंक, कुल 30 अंक होंगे। |
| 8 | अष्टाध्यायी कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता | कक्षा–<br>9 से 10 | सम्पूर्ण ग्रन्थ कण्ठस्थ होना चाहिए। शलाका परीक्षा विधि के अनुसार प्रस्तुति होगी। |
| 9 | तर्कसंगह सपदकृत कण्ठस्थीकरण | कक्षा–<br>9 से 10 | तर्कसंग्रह सम्पूर्ण एवं पदकृत्य के साथ प्रत्यक्ष खण्ड पर्यन्त कण्ठस्थ होना चाहिए। |
| 10 | लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता | कक्षा–<br>11 से 12 | सम्पूर्ण ग्रन्थ कण्ठस्थ होना चाहिए। शलाका परीक्षा विधि के अनुसार प्रस्तुति होगी। |
| 11 | अमरकोष कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता | कक्षा–<br>11 से 12 | सम्पूर्ण ग्रन्थ कण्ठस्थ होना चाहिए। शलाका परीक्षा विधि के अनुसार प्रस्तुति होगी। |
| 12 | श्लोक समस्यापूर्ति प्रतियोगिता | स्नातक/<br>स्नातकोत्तर<br>/शोधार्थी | – समस्यापूर्ति में निर्धारित **शिखरिणी, उपेन्द्रवज्रा, मालिनी** इन्हीं तीन छन्दों में प्रत्येक छन्द का एक एक चरण दिया जायेगा, शेष तीन चरण प्रतियोगी स्वयं लिखेंगे।<br>– कविता पठनीय, सुस्पष्ट<br>– लेखनशैली, भाव, शुद्धता 10–10 अंक, कुल 30 अंक होंगे। |
| 13 | शास्त्रार्थ प्रतियोगिता (व्याकरण)<br>'अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम्'<br>इति सूत्रार्थविचारः | स्नातक/<br>स्नातकोत्तर,<br>शोधार्थी | ''अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम्'' सूत्र पर वादी – प्रतिवादी के रूप में पक्ष रखना है। |

## प्रतियोगिता आयोजन स्वरूप

ऑनलाइन प्रतियोगिताओं हेतु पंजीकरण की अन्तिम तिथि – 18 अक्टूबर 2021 रात्रि 12 बजे तक

ऑफलाइन प्रतियोगिताओं का पंजीकरण मण्डल संयोजकों के माध्यम से अथवा प्रतियोगिता के दिन उसी स्थल पर ही करा सकेंगे। मण्डल संयोजकों की सूची पृ.सं. 7 पर है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रतियोगिता कमांक 1 से 4 | ऑनलाइन | राज्यस्तरीय | 20–22 अक्टूबर 2021 | सायं 3 से 5 बजे |
| प्रतियोगिता कमांक 5 से 7 | ऑफलाइन | मण्डलस्तरीय | 20–21 अक्टूबर 2021 | प्रातः 10 से 4 बजे |
| प्रतियोगिता कमांक 8 से 13 | ऑफलाइन | राज्यस्तरीय | 25–26 अक्टूबर 2021 | प्रातः 10 से 4 बजे |

# प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि का विवरण

**मण्डल स्तर पर सभी प्रतियोगिताओं में**
**प्रथम 3000/–, द्वितीय 2000/–, तृतीय 1000/–**

## राज्यस्तरीय पुरस्कार–

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | पुरस्कार राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | सांत्वना पुरस्कार (चार–चार) |
| 1. | अंगस्पर्शपूर्वक संस्कृत नामोच्चारण एवं संस्कृत संख्याज्ञान प्रतियोगिता। | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 2. | संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता। | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 3. | संस्कृत स्तोत्रागान प्रतियोगिता। | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 4 | संस्कृत गीत प्रतियोगिता। प्रथम वर्ग | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| | संस्कृत गीत प्रतियोगिता। द्वितीय वर्ग | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 5 | संस्कृत कथाकथन प्रतियोगिता। (अभिनय के साथ) | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 6 | श्लोक अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 7 | आशुभाषण संस्कृत प्रतियोगिता | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 8 | अष्टाध्यायी कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 9 | तर्कसंग्रह सपदकृत्य कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 10 | लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 11 | अमरकोष कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 12 | श्लोक समस्यापूर्ति प्रतियोगिता | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |
| 13 | शास्त्रार्थ (व्याकरण) | 11000 | 7000 | 5000 | 1000 |

# प्रमुख संयोजक एवं सह संयोजक विवरण

| क्र.सं. | प्रमुख संयोजक / सह संयोजक का नाम | विद्यालय का नाम | दूरभाष सं0. |
|---|---|---|---|
| 01 | आचार्य कुशल देव (प्रमुख संयोजक | गुरुकुल महविद्यालय ततारपुर हापुड़ | 9456254408<br>6397560022 |
| 02 | डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी | संस्कृत प्रवक्ता आदर्श वैदिक विद्यालय इ0 कालेज नंगला सिनौली, बागपत | 9557410389 |
| 03 | डॉ. चन्द्रकान्त दत्त शुक्ल | सह आचार्य संत गणिनाथ स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, गोहना, मुहम्मदाबाद मऊ | 8318867067 |
| 04 | डॉ. शालिग्राम त्रिपाठी | प्रवक्ता राजकीय इण्टर कालेज प्रयागराज | 9826340289 |

# मण्डल संयोजक विवरण

| क्र.सं. | मण्डल | मण्डल संयोजक का नाम | दूरभाष सं0. |
|---|---|---|---|
| 01 | अयोध्या | डॉ. अशोक पाण्डेय | 9450543256 |
| 02 | अलीगढ | डॉ. प्रभाशंकर जी | 9454081673 |
| 03 | आगरा | डॉ. सुखनन्दन तिवारी | 9165606476 |
| 04 | आजमगढ | डॉ. अवनीन्द्र पाण्डेय | 9889307838 |
| 05 | कानपुर | डॉ. योगेश जी | 7355334344 |
| 06 | गोरखपुर | डॉ. प्रांगेश कुमार मिश्र | 8858861153 |
| 07 | चित्रकूट | डॉ. शिवशंकर शुक्ल | 7379182115 |
| 08 | झांसी | डॉ. हरिपति सहाय कौशिक | 6265793075 |
| 09 | देबीपाटन | श्री सुनील तिवारी | 8840218070 |
| 10 | प्रयागराज | श्री शम्भुनाथ जी | 9919409727 |
| 11 | बरेली | डॉ. मुनीन्द्र शर्मा | 9457437402 |
| 12 | बस्ती | डॉ. धर्मेन्द्र जी | 9793156282 |
| 13 | मुरादाबाद | डॉ. अंजली उपाध्याय | 9530541405 |
| 14 | मेरठ | डॉ. सन्दीप कुमार | 9555574859 |
| 15 | लखनऊ | डॉ. नीरज कुमार तिवारी | 9450530774 |
| 16 | वाराणसी | डॉ. उमेश मिश्र | 9450252188 |
| 17 | विन्ध्याचल (मिर्जापुर) | डॉ. प्रभात कुमार सिंह | 885395069 |
| 18 | सहारनपुर | श्री रमेश चन्द्रा जी | 7037587278 |

(पवन कुमार)
निदेशक
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्



# उत्तरप्रदेश संस्कृतसंस्थानम्, लखनऊ

"उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय में, चाहे वह किसी भी माध्यम का विद्यालय हो, किसी भी बोर्ड का विद्यालय हो वहां पर छात्र सामान्य संस्कृत सम्भाषण में बोलते हुए दिखाई दें।"

माननीय मुख्यमन्त्री
योगी आदित्यनाथ